दून विश्वविद्यालय, देहरादून

कुलसचिव कार्यालय

सं: 773 /आर-डी.यू/2025 दिनांक: 16 दिसम्बर 2025

## सूचना

जिला समाज कल्याण अधिकारी, देहरादून के पत्रांक सं: 4199/स०क०/छात्र०/2025-26 दिनांक-12 दिसम्बर 2025 के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को पुनः सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक वर्ष: 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति तथा ई०बी०सी० (आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के छात्रों हेतु) छात्रवृत्ति आवेदनों के नवीन पंजीकरण (fresh), नवीनीकरण (Renewal) व सत्यापन हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल https://Scholarships.gov.in को दिनांक: 24 दिसम्बर 2025 तक खोला गया हैं।

अतः छात्र/छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि, ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों को ससमय अपलोड करें। तदुपरान्त आवेदन पत्र एवं प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों की छायाप्रति निश्चित समय से पूर्व प्रशासनिक भवन कक्ष सं-108 में जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे समयान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर से आवेदन पत्रों को अग्रसारित किया जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपि:

1. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूल प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. प्रभारी, आई०टी० सेल को उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव